प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 24.05.2025     समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में नीति आयोग की दसवीं गवर्निंग काउंसिल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं बैठक में विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों सहित अन्य सदस्य भाग ले रहे हैं बैठक में केंद्र शासित प्रदेशों के उपराज्यपाल, केंद्रीय मंत्री और नीति आयोग के उपाध्यक्ष, सदस्य तथा सीईओ भी मौजूद हैं गवर्निंग काउंसिल की बैठक में 2047 के लिए विकसित भारत के लिए विकसित राज्य के दृष्टिकोण पर चर्चा की जा रही हैं बैठक में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने, कौशल बढ़ाने और देश भर में स्थायी रोजगार के अवसर पैदा करने के उपायों पर भी विचार–विमर्श किया जाएगां

000

प्रदेश के बीकानेर और जोधपुर संभाग के सीमावर्ती जिलों में अगले 48 घंटों में तापमान के 46 से 48 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने की संभावना हैं मौसम विभाग के अनुसार तेज लू चलने और रातें भी गर्म रहने की आशंका हैं वहीं अजमेर, जयपुर और कोटा संभाग में अगले 2–3 दिन कहीं–कहीं अधिकतम तापमान 45 से 47 डिग्री के बीच रिकॉर्ड हो सकता हैं पिछले 24 घंटों में प्रदेश में जैसलमेर 48 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा

राज्य में पड़ रही झुलसाने वाली गर्मी से लोगों के हाल बेहाल हैं मौसम विभाग ने तेज गर्मी और लू से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की हैं इसके अनुसार विशेष तौर पर बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को गर्मी से बचने की सलाह दी गई हैं

साथ ही जो लोग लम्बे समय तक धूप में रहते हैं या भारी काम करते हैं उन्हें भी गर्मी से बचने की जरूरत हैं इसके लिए यथासंभव छायादार स्थान पर रहने और लगातार पानी पीते रहने को कहा गया हैं इसके अलावा ओ आर एस का घोल, घर के बने पेय पदार्थों का सेवन करने का परामर्श दिया गया हैं किसानों से पशुओं को तेज गर्मी से बचाने के लिए विशेष उपाय करने को कहा गया हैं इसके साथ ही खेतों में सुबह और शाम दोनों समय सिंचाई करने की सलाह दी गई हैं

इस बीच, दक्षिण–पश्चिम मानसून केरल पहुंच गया है, जबकि आमतौर पर यह पहली जून को दस्तक देता हैं वर्ष 2009 के बाद यह पहला अवसर है, जब केरल में मानसून का आगमन समय से काफी पहले हुआ हैं

000

राज्य में अब चिकित्सकों द्वारा घर पर चिकित्सकीय परामर्श देने के लिए आरजीएचएस के पोर्टल पर पंजीयन कराना अनिवार्य होगां राज्य सरकार ने इसके लिए आदेश जारी करते हुए कहा कि निजी अस्पतालों के चिकित्सकों को 25 से 30 मई के बीच वन टाइम रजिस्ट्रेशन कराना होगां साथ ही आरजीएचएस योजना के लाभार्थियों की ओपीडी की जानकारी पोर्टल पर अपलोड करनी होगीं आरजीएचएस में फार्मासिस्ट द्वारा गडबडी की सूचना मिलने के बाद ये नवाचार किया गया हैं

000

राजसमंद में आज अलसुबह भावा गांव के पास एक सड़क हादसे में एक महिला सहित तीन लोगों की मृत्यु हो गई हादसे में 15 लोग घायल हो गएं गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को उदयपुर रैफर किया गया हैं दुर्घटना एक निजी बस के बेकाबू होकर पलट जाने से हुई ये बस अहमदाबाद से भीलवाड़ा आ रही थीं वहीं एक अन्य सड़क हादसे में जैसलमेर के लाठी गांव के पास जीप में सवार चार लोगों की मृत्यु हो गई मृतकों में वन विभाग के कर्मी सुरेन्द्र चौधरी भी शामिल हैं ये दुर्घटना

जीप के ट्रक से टकरा जाने से हुई मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने हादसे पर दुख जताते हुए शोक संतप्त परिवार को ये दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की हैं

000

आईपीएल क्रिकेट में आज पंजाब किंग्स का सामना डेल्ही कैपिटल्स से होगां यह मैच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में शाम साढे सात बजे से खेला जाएगां दोनों टीमें प्लेऑफ की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुकी हैं

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल आकाशवाणी के मन की बात कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 122वीं कड़ी होगीं कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क, आकाशवाणी समाचार वेबसाइट और न्यूज़ ऑनएआईआर मोबाइल ऐप पर किया जाएगां इसे आकाशवाणी समाचार, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी सीधा प्रसारित किया जाएगां हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में इसका प्रसारण होगां

000